रोहतक

मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 248
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 18.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




महर्षि वाल्मीकि जयंती आज

## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक अब 11 को

**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिमंडल की दिल्ली में होने वाली 9 अक्टूबर की बैठक टाल दी गई है। यह बैठक 11 को शाम तीन बजे हरियाणा सचिवालय चौथे फ्लोर पर होगी। विदेश यात्रा जापान दौरे पर गए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अधिकारी लौटकर बैठक में शामिल होंगे। बैठक में पीएम मोदी के दौरे को लेकर मंथन होगा। *ब्यूरो*

### इटली में सड़क हादसा चार भारतीयों की मौत



**रोम।** दक्षिणी इटली के मटेरा शहर में एक सड़क दुर्घटना में 4 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। कार एक ट्रक से टकरा गई थी। मृतकों की पहचान 34 वर्षीय मनोज, 33 वर्षीय सुरजीत सिंह, 31 वर्षीय हरविंदर सिंह और 20 वर्षीय जसकरण के रूप में हुई। *एजेंसी*

### पूर्व केंद्रीय मंत्री टेनी और बेटे पर केस



**लखीमपुर खीरी।** यूपी के लखीमपुर खीरी में दो साल पुराने मामले में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी और बेटे आशीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गवाह को धमकाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए थे। बाद में पुलिस ने केस दर्ज किया। *एजेंसी*

### दार्जिलिंग लैंडस्लाइड में अब तक 28 की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रविवार को तेज बारिश के बाद हुई लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। कई लोग लापता हैं। लैंडस्लाइड में कई घर बह गए। दार्जिलिंग और सिक्किम का सड़क संपर्क देश के बाकी हिस्सों से टूट गया है। *एजेंसी*

### ईवी की कीमतें जल्द पेट्रोल वाहनों के बराबर होंगी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमतें अगले चार से छह महीनों में पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के बराबर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता एक आर्थिक बोझ है। *एजेंसी*

# खेतों से मंडी तक मौसम की मार, 17 जिलों में बारिश
# 10 डिग्री तक गिरा तापमान, मंडियों में भीगा अनाज

**आज भी हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरियाणा

अक्टूबर के पहले सप्ताह में झमाझम बारिश ने जहां गर्मी की विदाई का संकेत दिया, वहीं खेत से लेकर मंडी तक मौसम की मार झेलनी पड़ रही है। प्रदेश के 17 जिलों फतेहाबाद, चरखी दादरी, सिरसा, रोहतक, हिसार, अंबाला, पंचकूला, कैथल, महेंद्रगढ़, झज्जर, सोनीपत, भिवानी, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पानीपत, गुरुग्राम और यमुनानगर में बारिश हुई। किसानों के लिए बरसात आफत बन रही है। रविवार रात से लगातार हो रही बारिश के चलते कुछ इलाकों में धान की फसल बिछ गई। नूंह, चरखी दादरी की अनाज मंडियों में खुले में रखा धान भीग गया। तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने से मौसम ठंडा हो गया। अगले एक-दो दिन तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है।

- *किसानों के लिए बरसात बन रही आफत*
- *नूंह, च.दादरी में खुले में रखा धान भीगा*
- *बहादुरगढ़ में मकान पर गिरा पेड़*

**दिन भर छाए रहे बादल**

सोमवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर तक प्रदेश के कई भागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के बाद अधिकतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 25.2 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 2.8 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 82 प्रतिशत रहा, जबकि हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा रही। लगातार बारिश के बाद मौसम ठंडा पड़ गया।



**तापमान में उतार चढ़ाव रहेगा**

कूलर और पंखे तक चलने बंद हो गए। नवंबर माह जैसा मौसम बन गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि 7 अक्टूबर को भी मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। ज्यादातर हिस्सों में हवाओं और गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बन रही है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। रात के तापमान में और कमी आ सकती है, जिससे सर्दी की शुरूआत हो जाएगी।

## सीएम सैनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल का विदेश दौरा, 6 एमओयू
# प्रदेश में हजारों करोड़ का निवेश करेगा जापान, 14700 युवाओं को मिलेगा रोजगार

- हरियाणा में 1185 करोड़ रुपये का होगा निवेश
- **इरेन कंपनी 220 करोड़ से अधिक का निवेश करेगी**

*विकसित भारत-विकसित हरियाणा वीजन के तहत निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल जापान के दौरे पर हैं। हरियाणा जापानी कंपनियों के लिए सबसे पसंदीदा निवेश स्थल रहा है।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

विकसित भारत-विकसित हरियाणा विज़न के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने पहले ही दिन जापान की बड़ी कंपनियों के साथ 6 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इन एमओयू के माध्यम से कंपनियों द्वारा हरियाणा में लगभग 1185 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और लगभग 13000 से अधिक युवाओं के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा। हरियाणा में जापानी निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री ने एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएएसआई, नम्बू, डेंसो, सोजित्ज़, निसिन, कावाकिन और टोप्पन सहित प्रमुख जापानी कंपनियों के साथ बैठकें कीं। इससे हरियाणा में रोजगार में बढ़ोतरी होगी।

**रोहतक में मेगा प्रोजेक्ट लगाएगी जापानी कंपनी**

**परियोजना से 1700 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार**

### छोटे और मध्यम उद्योगों के बीच साझेदारी बढ़ाने की पहल

**द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर जोर**

मुख्यमंत्री ने कंपनियों के साथ बैठकें कर हरियाणा और जापान के मध्य द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया। उन्होंने छोटे और मध्यम उद्योगों के बीच साझेदारी बढ़ाने की पहल का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में उपकरण, औद्योगिक पुर्जे, मेटल वर्किंग उद्योगों के साथ-साथ ऑटो, ऑटो पार्ट्स और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में जापान और हरियाणा के बीच परस्पर सहयोग से व्यापारिक गतिविधियों के काफी फायदा मिलेगा।



**सेइरेन कंपनी रोहतक में करेगी निवेश :** प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में जापान की प्रतिष्ठित सेइरेन कंपनी लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत सेइरेन कंपनी रोहतक में मेगा प्रोजेक्ट में 220 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। इस परियोजना से लगभग 1700 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सेइरेन कंपनी लिमिटेड वस्त्र समाधान और उन्नत सामग्री निर्माण में विश्व स्तर पर अग्रणी कंपनी है।

**प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में उभरा हरियाणा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था, युवा आबादी व बड़ा बाजार तथा जापान के तकनीकी कौशल, विनिर्माण कौशल और वित्तीय संसाधन दोनों देशों की प्रगति में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की पहचान एक सशक्त औद्योगिक और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में बनी है। हरियाणा, भारत के भौगोलिक क्षेत्रफल का केवल 1.3 प्रतिशत है। लेकिन, यह देश की जी.डी.पी. में 3.6 प्रतिशत का योगदान देता है।

**कोर्ट रूम में वकील ने जूता फेंका**

# सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई गवई पर हमले की कोशिश

- **नारा लगाया- सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान**
- **तीन घंटे पूछताछ के बाद आरोपी वकील रिहा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआई बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई, जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों के हवाले से बताया गया कि वकील ने सीजेआई की तरफ जूता फेंका। हालांकि जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया- सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता।



**समाज में ऐसे कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं : पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने घटना के बाद सीजेआई गवई से फोन पर की बात की। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने वकील राकेश किशोर का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से लाइसेंस रद्द कर निलंबित कर दिया और कहा है कि "न्यायपालिका की गरिमा के विरुद्ध इस तरह के आचरण को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।"

### सीजेआई ने याचिका की थी खारिज

गौरतलब है कि इससे पहले सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि "अगर आप भगवान के समर्थक हैं, तो उनसे खुद पूछें।" इस बयान को कुछ समूहों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला बताया था और तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

# अब दुश्मनों से देश की सीमाओं की रक्षा करेगा स्वदेशी जलपोत 'अन्द्रोथ'

**विशाखापत्तनम (ब्यूरो)** भारतीय नौसेना ने सोमवार को यहां नौसेना की गोदी में एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धक, उथले पानी के जलपोत 'अन्द्रोथ' को अपने बेड़े में शामिल किया। नौसेना के अनुसार, 'अन्द्रोथ' के शामिल होने से उसकी पनडुब्बी रोधी युद्धक (एएसडब्ल्यू) क्षमताएं बढ़ जाएंगी, जिसका लाभ मुख्य रूप से तटीय और उथले पानी में होने वाले अभियानों को मिलेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने की।



**नौसेना के बेड़े में शामिल, 80% स्वदेशी कलपुर्जों से बना, उथले पानी में सबमरीन हमलों से करेगा बचाव**

**नौसेना की बढ़ेगी ताकत**

इस दौरान वरिष्ठ नौसेना अधिकारी और शिपयार्ड के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। अन्द्रोथ का शामिल होना नौसेना के स्वदेशीकरण और क्षमता बढ़ाने के जारी प्रयासों में एक और बड़ा कदम है। कोलकाता स्थित एक कंपनी द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित इस जलपोत के निर्माण में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी कलपुर्जों और सामग्री का उपयोग किया गया है, जो भारत की बढ़ती जहाज निर्माण शक्ति को दर्शाता है।

### जयपुर: एसएमएस अस्पताल में आग, 8 मरीजों की मौत

**सवाई मान सिंह (एजेंसी)।** सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास आईसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि सरकार 6 मौत मान रही है। अग्निकांड की जांच के लिए 6 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। सरकार ने हॉस्पिटल अधीक्षक और ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज को हटा दिया। एक्सईएन को निलंबित कर दिया। फायर सेफ्टी कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं।

**हॉस्पिटल अधीक्षक और ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज को हटाया**

### सीजीएचएस की दरें अस्पताल व शहर कैटेगरी से होंगी तय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने 10 साल बाद केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की दरों में बड़ा संशोधन किया है, जो 13 अक्टूबर से लागू होगा। इससे करीब 46 लाख कर्मचारी और पेंशनर्स को राहत मिलेगी। नई दरें अब अस्पताल कैटेगरी, शहर कैटेगरी और वार्ड टाइप के आधार पर तय होंगी। इससे निजी अस्पतालों को भी लाभ होगा, क्योंकि दरें औसतन 25-30% तक बढ़ाई गई हैं। सभी अस्पतालों को नई दरें स्वीकार करने का निर्देश दिया है ।

**10 साल बाद लिया फैसला दरें औसतन 25-30% तक बढ़ाई**

### वांगचुक की याचिका पर केंद्र, लद्दाख को नोटिस



**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिए जाने को चुनौती देने वाली उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की एक याचिका पर केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जवाब मांगा है। याचिका में वांगचुक की तत्काल रिहाई का अनुरोध किया गया है। मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर तक स्थगित कर दी। वांगचुक को 26 सितंबर को कड़े रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था।

# प्रतिरक्षा प्रणाली से संबंधित खोज के लिए तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल

एजेंसी ▶▶ स्टॉकहोम

मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल और शिमॉन साकागुची को 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई। ब्रुनको (64) सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं। 64 वर्षीय रैमस्डेल सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स के वैज्ञानिक सलाहकार हैं, वहीं 74 वर्षीय साकागुची जापान के ओसाका विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में प्रोफेसर हैं।



*तीनों वैज्ञानिकों को 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में 10 .3 करोड़ रुपये, गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट इनाम के तौर पर दिया जाएगा।*

**यह खोज की**

वैज्ञानिकों ने इम्यून सिस्टम के 'सुरक्षा गार्ड' यानी रेगुलेटरी टी-सेल्स की पहचान की, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि इम्यून सेल हमारे शरीर पर हमला न करें। इसके आधार पर कैंसर और ऑटोइम्यून रोगों के इलाज खोजे जा रहे हैं। इससे अंग प्रत्यारोपण में भी मदद मिल रही है।

**इम्यून सिस्टम को कैसे कंट्रोल करें**

वैज्ञानिकों ने खोज की है कि शरीर के शक्तिशाली इम्यून सिस्टम को कैसे कंट्रोल किया जाता है, ताकि यह गलती से हमारे अपने अंगों पर हमला न करे। दरअसल, हमारा इम्यून सिस्टम हर दिन हजारों-लाखों सूक्ष्मजीवों से हमारी रक्षा करता है।

## विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान...पहला 6 और दूसरा 11 नवंबर

# बिहार में कौन जोड़ीदार होगा जोरदार? 14 नवंबर को नतीजे, कीजिए इंतजार

**कुल 243 सीटों का कार्यकाल 22 नवंबर को हो रहा समाप्त**

*चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि राज्य में दो चरणों में मतदान होगा। इस बार 7.43 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे जिनमें 14 लाख नए वोटर हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि राज्य में दो चरणों में मतदान होगा। पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर। मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। पहले चरण में मध्य बिहार की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित और ग्रामीण इलाके भी शामिल हैं। दूसरे चरण में सीमा से सटे 122 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग होगी।

### मोदी-नीतीश की जोड़ी चलेगी या राहुल-तेजस्वी मारेंगे मैदान

**पहले चरण में यहां होगी वोटिंग**

पहले चरण में 6 नवंबर को इन 121 सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें मधेपुरा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सहरसा, गोपालगंज, भोरे, सीवान, महाराजगंज, आरा,बक्सर में वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को इन 122 सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें वाल्मीकि नगर, मोतिहारी, झंझारपुर, लौरिया, सीतामढ़ी, भभुआ, शिवहर, बोधगया, जहानाबाद, हिसुआ, गया टाउन, पूर्णिया, कटिहार, सासाराम में वोट डाले जाएंगे।



**हिंसा पर जीरो टॉलरेंस नीति**

केंद्रीय अर्धसैनिक बल की तैनाती समय से पहले होगी। चुनाव आयुक्त ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों को साफ निर्देश दिए हैं कि चुनाव हिंसा पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का परीक्षण पूरा कर लिया गया है और मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है।

**छठ पूजा के बाद चुनाव**

चुनाव आयोग ने कई राजनीतिक दलों की मांग स्वीकार करते हुए बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम छठ पूजा के बाद तय किया है। राज्य का सबसे बड़ा पर्व छठ इस महीने के अंत में मनाया जाएगा। आयोग ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा कारणों से खासकर आरजेडी के प्रभाव वाले जिलों को एक साथ रखा है। हालांकि इस बार कुछ नए जिले भी पहले चरण में जोड़े गए हैं।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। बूडिया थाने के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण व हिंदू संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### अभद्र टिप्पणी पर हिंदू संगठनों का थाने में हंगामा

**यमुनानगर।** इंस्टाग्राम आईडी पर खिलौनानुमा हथियार के साथ आई लव मोहम्मद लिखकर हिंदुओं के बारे में अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में बीती रात हिंदू संगठनों ने बूडिया थाने में हंगामा किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों को समझा कर शांत किया। बाद में पुलिस ने समुदाय विशेष के तीन युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव अमादलपुर निवासी राहुल राणा ने बताया कि इंस्टाग्राम आईडी पर रविवार शाम को एक पोस्ट डाली गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**फरीदाबाद।** दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर राजकीय रेलवे पुलिस पहुंची और शवों को बादशाह खान अस्पताल में पहचान के लिए रखा गया। परिजन आने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

**वारदात : पति-पत्नी, बेटे के हाथ-पांव बांधे, मुंह पर टेप लगाई, कैश-ज्वेलरी, वाहन ले गए**

# पलवल में वीएचपी प्रांत प्रमुख के घर 50 लाख की डकैती

**चार नकाबपोश बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम**

*बदमाशों ने 22 लाख रुपये कैश और करीब 30 तोले सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए। एसपी मौके पर पहुंचे और जांच में एसआईटी का गठन कर दिया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶। पलवल

पलवल में हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने कारोबारी और विश्व हिंदू परिषद के हरियाणा प्रांत प्रमुख के घर 50 लाख की डकैती कर डाली। बदमाशों ने कारोबारी और परिवार को बंधक बनाया। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने 22 लाख रुपये कैश और करीब 30 तोले सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी मिलने पर एसपी वरुण सिंगला भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच में एसआईटी का गठन कर दिया गया। टीमें क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही हैं।



पलवल। डकैती की सूचना मिलते ही घर पर पहुंचे स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

### बदमाशों ने रेकी कर दिया वारदात को अंजाम

आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने इस पूरी वारदात को रेकी लेकर अंजाम दिया है। जिस स्थान पर यह वारदात हुई, वह गांवों के बीचों बीच स्थित है। आसपास घर और घनी आबादी है। लेकिन बदमाशों ने बेखौफ अंदाज में इस वारदात को अंजाम दिया। बदमाश इस वारदात को अंजाम देने के लिए आसपास घरों की छतों पर चढ़कर कारोबारी के घर में दाखिल हुए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित आसानी से घर के सामने वाले दरवाजे से फरार हो गए।

### क्षेत्र में दहशत का माहौल

इस वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लुटेरे घर से 22 लाख रुपये नकद, करीब 30 तोले सोने-चांदी के आभूषण लूटकर ले गए। वारदात के बाद बदमाश कारोबारी के घर खड़ी स्कूटी और बाइक पर सवार होकर आसानी से फरार हो गए।मामले के बारे में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के हरियाणा प्रांत सेवा प्रमुख ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि उनकी चीरवाड़ी गांव में टाइल की फैक्ट्री है। रविवार की देर रात करीब एक बजे वह अपनी पत्नी हरवती और बेटे यश के साथ अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। तभी पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह उनके कमरे में पहुंचे। वहां उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांधे चार युवकों को देखा।

### सीसीटीवी कैमरों को भी बंद कर दिया

बदमाशों ने उसे, उसकी पत्नी और बेटे को घर की लॉबी में कुर्सियों पर बैठाकर, पिस्तौल के बल पर उनके हाथ-पैर बांध दिए और मुंह पर टेप लगा दी। इसके बाद, उन्होंने उनकी पत्नी से अलमारी की चाबी छीनी और अलमारी में रखे 22 लाख रुपये नकद और 25-30 तोले सोने-चांदी के जेवर लूट लिए। लुटेरे घर में लगे सीसीटीवी कैमरों को बंद कर घर में खड़ी बाइक और स्कूटी को लेकर फरार हो गए। वे घर में खड़ी कार की दोनों चाबियां और उनका मोबाइल फोन, अलमारी की चाबी व अन्य कागजात भी जबरदस्ती लूटकर ले गए। बदमाशों के जाने के बाद, ओमप्रकाश और उनकी पत्नी ने बड़ी मुश्किल से अपने हाथ-पैर खोले और मुंह से टेप हटाई।

### सीएम फ्लाइंग की रेड, बिना मेडिकल डिग्री के चल रहा था अस्पताल, संचालक फरार



**रतिया।** शहर के बस स्टैंड के साथ पालिका बाजार में बिना मेडिकल डिग्री के चल रहे एक निजी अस्पताल पर सोमवार को सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार करवाई की। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इन्चार्ज सुनैना के नेतृत्व में पहुचीं टीम ने अस्पताल में पहुचते ही अस्पताल में मौजूद रिकॉर्ड को कब्जे में लिया। बताया गया है कि अस्पताल में मौजूद संचालक से जब डिग्री मांगी गई तो घर से डिग्री उठाने के नाम पर संचालक वहा से फरार हो गया। इस कार्रवाई के पश्चात रतिया क्षेत्र के अनेक बगैर डिग्री धारक डाक्टरों में हड़कंप मच गया। मिली सीएम फ्लाइंग की हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना, स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल अफसर डॉ. प्रणव व डॉ. प्रवीण तथा ड्रग इंस्पेक्टर धीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने पुलिस के सहयोग से रतिया बस स्टैंड के पीछे पालिका बाजार स्थित सिधु अस्पताल में छापा मार कार्रवाई की।

### नशीली दवा रखने वले केमिस्ट को दस साल की सजा व एक लाख रुपये का जुर्माना

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम जुर्म में केमिस्ट को दस साल का कारावास तथा एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में



दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिला औषधी नियंत्रक मनदीप मान ने 18 जुलाई 2019 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव रधाना निवासी आजाद प्लास्टिक का कट्टा लेकर प्रतिबंद्धित दवाओं के साथ गांव पांडू पिंडारा अपनी कैमिस्ट की दुकान की तरफ आ रहा है। जिसके आधार पर जिला औषधी नियंत्रक ने पुलिस के सहयोग से काबू कर लिया। कट्टे की तलाशी लिए जाने पर उसमे 100-100 एमएल की 62 बोतल ओनेरेक्स कैच सिरप बरामद हुआ। जो प्रतिबंद्धित पाया गया। दस्तावेज मांगने पर वह उन्हें दिखाने मे नाकाम रहा। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार में भीषण आग**

## महिला और 3 बच्चे सुरक्षित निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

**आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया**

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गांव सीकरी के पास एक क्रेटा कार में अचानक आग लग गई। हादसे के समय गाड़ी में चालक की पत्नी और तीन बच्चे मौजूद थे। जैसे ही इंजन से धुआं निकलने लगाए चालक ने गाड़ी रोककर साइड में लगाई और पूरे परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसी दौरान गाड़ी पूरी तरह से आग के गोले में बदल गई। परिवार गांव खंदावली का रहने वाला है। चालक सरवर खान रविवार शाम साढ़े चार बजे सोहना अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। गाड़ी में उनकी पत्नी, बेटी मायर, इंशा और बेटा अरसद मौजूद थे। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर चढ़ते ही गाड़ी के इंजन से धुआं निकलने लगा, जिससे सरवर ने तुरंत गाड़ी साइड में लगाई और परिवार को बाहर निकाला। सीकरी पुलिस चौकी और दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से किसी को चोट या नुकसान नहीं हुआ। गाड़ी पेट्रोल पर थी और आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### नींद आने से डिवाइडर से टकराई कार, बाल-बाल बचे तीन दोस्त

**शादी में शामिल होकर वापस पंजाब लौट रहे थे तीनों दोस्त**

**अंबाला।** सोमवार सुबह दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे तेज रफ्तार में जा रही एक कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में किसी भी तरह के जानी नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई।जानकारी के अनुसार, कार में सवार तीन दोस्त करनाल से एक शादी समारोह में शामिल होकर पंजाब के ब्यास लौट रहे थे। सुबह करीब 6:30 बजे जैसे ही वे अंबाला के जंडली पुल के पास पहुंचे, कार चला रहे युवक को झपकी लगने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया।

**चरित्र संदेह के चलते पहले किया झगड़ा, फिर ताबड़तोड़ मारे थापे**

## फतेहाबाद में भाई ने की बहन की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

शहर के मॉडल टाऊन में सोमवार दोपहर एक युवक ने अपनी ही बहन के सिर पर एक जानलेवा हमला कर दिया। गुस्साएं युवक ने अपनी बहन के सिर पर थापे से किए वार किए जिससे वह लहूलुहान होकर वह गिर पड़ी। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और इस बारे पुलिस को सूचना दी। बाद में घायल महिला को तुरंत नागरिक



जांच पड़ताल करती पुलिस टीम (मृतक रमन)

अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर गए हैं। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि आरोपी हुसनप्रीत उर्फ मोंटी अपनी बहन रमन उर्फ राधिका के चरित्र पर शक करता था। सिटी थाना प्रभारी सुरेंद्रा व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इसके बाद सीन ऑफ क्राइम की टीम भी मौके पर बुलाई गई। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। मानसा जिले के सरदूलगढ़ शहर निवासी रमन उर्फ राधिका ने सिरसा के सुचान निवासी रायसिंह के साथ 2016 में लव मैरिज की थी।




| MODEL | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 801/-* | ₹9 150/-* | ₹11 424/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 800/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 601/-* | ₹12 450/-* | ₹15 624/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.**

## विदेशी बाजार में सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

# नया शिखर : सोना 9,700 रुपए उछलकर 1.3 लाख के पार, चांदी 1.57 लाख के ऊपर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 9,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,30,300 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया।

इस तरह पीली धातु के भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 9,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह पिछले सत्र में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



- रुपए में कमजोरी के कारण सराफा में मांग निकली
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा
- चांदी में 7,400 रुपया का बड़ा उछाल दर्ज किया गया



### सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ी

*शुल्क विवाद, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ब्याज दर कटौती और अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने जैसी अस्थिरताओं ने सोने-चांदी की कीमतों को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर में कमजोरी, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी, गोल्ड-ईटीएफ की बढ़ती मांग और खुदरा निवेशकों की रुचि ने एक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ा दी।*

***अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने से चिंता बढ़ी :*** *गांधी ने कहा कि अमेरिका में वित्तीय प्रावधान न होने से सरकारी कामकाज लंबे समय तक ठप होने की आशंका से आर्थिक प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। सोने की मांग बढ़ रही है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 51,350 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 65.04 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। सोने का भाव दिसंबर, 2024 में 78,950 प्रति 10 ग्राम पर था।*

***डॉलर के मुकाबले रुपए में तेज गिरावट :*** *अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई गिरावट ने इस तेज उछाल में बड़ी भूमिका निभाई। एचडीएफसी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'सोना नए रिकॉर्ड पर पहुंचा है क्योंकि निवेशक अब भी इस कीमती धातु में दिलचस्पी बनाए हुए हैं। उन्हें भविष्य में इसके दाम और भी बढ़ने की उम्मीद है।'*

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना दो फीसदी चढ़ा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 3,949.58 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ 48.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कोटक सिक्योरिटीज की सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाल ने कहा, ।"अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने के छठे दिन हाजिर सोना ने पहली बार 3,940 डॉलर प्रति औंस का स्तर पार किया।" इस बीच, सोना एवं चांदी के वायदा भाव भी नए शिखर पर पहुंच गए।

### वर्ष में चांदी की कीमत 67,700 रुपए प्रति किलो बढ़ी

सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह 7,400 रुपये उछलकर 1,57,400 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,50,000 रुपये प्रति किलो थी। चालू वर्ष में चांदी की कीमतें 67,700 रुपये यानी 75.47 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। दिसंबर 2024 के अंत में चांदी 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर थी।

### सोने में दिसंबर वायदा अनुबंध बढ़कर

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के दिसंबर आपूर्ति वाले वायदा अनुबंध की कीमत 1,962 रुपये यानी 1.66 प्रतिशत चढ़कर 1,20,075 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सोना के फरवरी 2026 आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव भी 2,047 रुपये यानी 1.71 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 1,21,380 प्रति 10 ग्राम हो गया।

## जिंदल स्टेनलेस ने महाराष्ट्र में निर्माण इकाई स्थापित की





नई दिल्ली। जिंदल स्टेनलेस ने महाराष्ट्र में 125 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश से एक इस्पात वनिर्माण इकाई स्थापित कंपनी ने बयान में कहा कि देश में उन्नत बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता के लिए इस इकाई में पुल के 'गर्डर' सहित अन्य महत्वपूर्ण घटक बनाए जाएंगे। वित्त वर्ष 2026-27 तक इकाई के 18,000 टन की वार्षिक निर्माण क्षमता हासिल करने की उम्मीद है, जो चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अनुमानित 4,000 टन से अधिक है। इसका मकसद टिकाऊ, उच्च गुणवत्ता वाले पुल से जुड़े बुनियादी ढांचे की बढ़ती मांग को पूरा करना है। कंपनी प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, यह विनिर्माण इकाई ग्राहकों के लिए एकीकृत समाधान प्रदान करने के हमारे प्रयासों में एक और कदम है। पुल महत्वपूर्ण संयोजक होते हैं, जो पूरे देश में लोगों, व्यवसायों और आर्थिक गतिविधियों को जोड़ते हैं।''



### हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, रोहतक (वीटा) | 2025_HBC_474874_1 | तिथि बढ़ाई गई 13.10.2025 अप. 16:00 बजे तक, खुलना 14.10.2025 पूर्वा. 12.00 बजे। | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39296/I/88/6 दि. 06.10.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | वार्ड नं. 22, एम.सी. सिरसा में गलियों की मरम्मत और रखरखरखाव तथा अन्य विविध कार्य। | 02.10.2025 08.10.2025 | रु. 100.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9654941067 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39283/I/88/6 दि. 06.10.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बरवाला | न्यू एम.सी. ऑफिस बरवाला में एम.सी. कार्यालय के नये भवन के चारों ओर पेवर ब्लॉक्स और सीसी का प्रावधान व फिक्सिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.10.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 7206706460 secymcbarwala@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39284/I/88/6 दि. 06.10.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | आकांक्षी शौचालय एम.सी. महम के निकट फरमाणा चुंगी चौक का पुनरोद्धार। | 03.10.2025 09.10.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39287/I/88/6 दि. 06.10.25


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ में फ्रैक्शंस के वैज्ञानिक निपटान और लीगेसी कचरे का रिमेडियेशन और भूमि रिक्लेमेशन। | बंद होने की तिथि 13.10.2025 | रु. 291.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secymgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39293/I/88/6 दि. 06.10.25



## शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466 अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

- सेंसेक्स 583 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार

## भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी

- बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने पेश की रिपोर्ट
- भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की तेल एवं ऊर्जा मांग वर्ष 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी और यह वैश्विक ऊर्जा बाजार का 12 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बन जाएगा। बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने बीपी की ऊर्जा परिदृश्य 2025 रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा



सबसे बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक भी है। भारत की तेल मांग 54 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर 2050 तक 91 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। इस दौरान प्राकृतिक गैस की खपत भी लगभग दोगुनी होकर 63 अरब घन मीटर से बढ़कर 153 अरब घन मीटर हो जाएगी। यदि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 से 2050 तक औसतन पांच प्रतिशत प्रति वर्ष रहती है तो देश की प्राथमिक ऊर्जा खपत में भी मजबूती आएगी। वर्ष 2023 में वैश्विक मांग का सात प्रतिशत हिस्सा रखने वाले भारत की 2050 तक 12 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विश्व ऊर्जा बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका हो जाएगी।



### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## विजन एआई इंडिया ने आईआईटी दिल्ली में कांफ्रेंस की मेजबानी की

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन और साइबर सुरक्षा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियाँ यह पुनर्परिभाषित कर रही हैं कि राष्ट्र कैसे नवाचार, शासन और विकास कर सकते हैं। इन क्षेत्रों में संवाद को आगे बढ़ाने के लिए, 5 अक्टूबर को IIT दिल्ली के डोगरा हॉल में इमर्जिंग टेक कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन किया गया। विजन आईएएस की एक तकनीकी सहायक कंपनी विजन एआई इंडिया जिसे एआई-संचालित भविष्य के लिए भारत



की तैयारी में तेजी लाने हेतु बनाया गया है- द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में सरकार, शिक्षा और उद्योग जगत के विशेषज्ञ एक साथ एक मंच पर आए। इसमें यह चर्चा की गई कि कैसे जिम्मेदार नवाचार और नैतिक प्रौद्योगिकी, शासन, शिक्षा और उद्यम को मजबूत कर सकती है।

## रुपया तीन पैसे टूटकर 88.82 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.82 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात उछाल से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये ने हालांकि सीमित दायरे में कारोबार किया।



### कार्यालय अधीक्षक जेल, केन्द्रीय जेल-1, हिसार

#### खुली बोली नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय जेल-1 हिसार के स्टॉक में उपलब्ध 1600 क्विंटल सरसों की खल को खुली बोली द्वारा बेचा जायेगा। बोली प्रक्रिया दिनाँक 10.10.2025 को प्रातः 11:30 बजे केन्द्रीय जेल-1, हिसार पर होनी है। सभी इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर निश्चित स्थान पर पहुँच कर बोली प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें। बोली की शर्तें इस प्रकार हैं:-

1. इच्छुक बोलीदाता को 50,000-00 रूपये धरोहर राशि अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करवाने होंगे जोकि स्वीकृत बोलीदाता को छोड़कर अन्य बोलीदाताओं को मौके पर ही वापिस कर दी जायेगी।
2. स्वीकृत बोलीदाता को 20 दिन के अन्दर-2 खल को उठाना होगा।
3. अधीक्षक जेल को अधिकार है कि वह बिना कारण बताए बोली को स्वीकृत / अस्वीकृत कर सकता है।
4. किसी प्रकार के विवाद के लिए न्यायक्षेत्र स्थानीय न्यायालय हिसार होगा।
5. खाली बारदाना पार्टी को स्वयं उपलब्ध करवाना होगा।
6. तुलाई व ढुलाई का खर्च बोलीदाता को स्वयं वहन करना होगा।
7. नीलामी की अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जायेंगी।

हस्ता/-
अधीक्षक जेल
केन्द्रीय, जेल-1, हिसार

पीआरडीएच-1277/11/106/2026/39277/88/6 दि. 06.10.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | वार्ड 1 एम.सी. सोनीपत में पुराने जलघर के निकट ऋषि कॉलोनी में थिमेटिक पार्क के विकास हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 17.10.2025 | रु.9,97,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में पूर्व की तरफ बैंचेज और ट्री गार्ड की आपूर्ति तथा स्थापना हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.10.2025 | रु.1,70,93,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39294/I/88/6 दि. 06.10.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 3×25/31.5 एमवीए 66/11 केवी टी/एफएस से 4×25/31.5 एमवीए 66/11 केवी टी/एफएस तक 66 केवी सब स्टेशन सेक्टर-2 एचवीपीएनएल गुरुग्राम का संवर्धन। | 03.10.2025 13.10.2025 | रु. 16,48,589/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | एचवीपीएनएल (फरीदाबाद) द्वारा नियंत्रण कक्ष भवन के विस्तार के साथ-साथ (2×12.5/16) एमवीए से (2×25/31.5) एमवीए, 66/11 केवी टी/एफएस (टी/एफ टी-1) तक 66 केवी सब स्टेशन धौज का संवर्धन। | 02.10.2025 27.10.2025 | रु. 6,09,215/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | एचवीपीएनएल (फरीदाबाद) द्वारा नियंत्रण कक्ष भवन के विस्तार के साथ-साथ (2×12.5/16) एमवीए से (2×25/31.5) एमवीए, 66/11 केवी टी/एफएस (टी/एफ टी-2) तक 66 केवी सब स्टेशन धौज का संवर्धन। | 02.10.2025 27.10.2025 | रु. 7,53,026/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/39307/I/88/6 दि. 06.10.25




## राशिफल


**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## केईसी इंटरनेशनल को 1,100 करोड़ से अधिक के ऑर्डर मिले






**नई दिल्ली।** ईपीसी प्रमुख केईसी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि उसे विभिन्न कंपनियों से 1,102 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसके सिविल व्यवसाय को भारत की एक प्रमुख निजी कंपनी से 150 मेगावाट के ताप विद्युत संयंत्र के सिविल और संरचनात्मक कार्यों का ऑर्डर मिला है। टीएंडडी (पारेषण और वितरण) व्यवसाय को अमेरिका और पश्चिम एशिया में टावर, हार्डवेयर और खंभों की आपूर्ति के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी के केबल और कंडक्टर व्यवसाय को भारत और विदेशी बाजार में केबल और कंडक्टरों के लिए कई आपूर्ति ऑर्डर मिले हैं। परिवहन व्यवसाय को भारत में ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (टीसीएएस) खंड में ऑर्डर मिले हैं। नए ऑर्डरों का कुल मूल्य 1,102 करोड़ रुपये है। कंपनी के के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विमल केजरीवाल ने कहा, "इन अनुबंधों के साथ, हमारा इस साल अबतक ऑर्डर अब 12,800 करोड़ रुपये हो गया है।

- कंपनी को भारत और विदेश के लिए कई नए ऑर्डर मिले

## शब्द पहेली - 6011




**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्टीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 6010 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



## चुनावी समरः सूबे में सत्ता वापसी के लिए सभी दल पूरा जोर लगा रहे

# बिहार चुनाव में राजग व 'इंडिया' गठबंधन के बीच होगी सीधी जंग



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जहां विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता को मुद्दा बना रहा है, वहीं राजग "विकास और स्थिर शासन" की अपनी थीम पर जनता से समर्थन मांगने की रणनीति पर काम कर रहा है।

भाषा ▶▶ पटना

बिहार विस चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के बीच सीधी जंग तय है। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग जहां एक और कार्यकाल की उम्मीद कर रहा है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से मिलकर बने इंडिया गठबंधन का लक्ष्य सत्ता से राजग को बेदखल करना है।

नीतीश के नेतृत्व में राजग के लिए एक एसडब्ल्यूओटी (ताकत, कमजोरियां, अवसर, खतरे) विश्लेषण किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सीएम के रूप में नीतीश राजग के मजबूत स्तंभ हैं व उनके नेतृत्व में गठबंधन को कई स्तरों पर बढ़त हासिल है। नीतीश ने दो दशकों में प्रशासनिक स्थिरता व कल्याणकारी योजनाओं की श्रृंखला से अपनी पहचान बनाई है।

### राजनीतिक समीक्षकों का आंकलन

राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि नीतीश कुमार की "सुशासन" की छवि, भाजपा और जदयू का संगठित कैडर नेटवर्क और मोदी द्वारा राज्य में शुरू की गई आधारभूत ढांचा परियोजनाएं राजग की प्रमुख ताकत हैं।

**कमजोरियां** : लगभग दो दशकों (2005-2010) से सत्ता में रहने के कारण नीतीश कुमार के शुरुआती कार्यकाल की ताजगी अब कम हो गई है। सत्ता विरोधी लहर चुनौती बन सकती है। भाजपा के सामाजिक आधार को लेकर यह धारणा बनी हुई है कि वह अभी भी अगड़ी जातियों की पार्टी है।

**अवसर**

नीतीश के राजनीतिक चरम काल के बाद जदयू में द्वितीय पंक्ति के नेतृत्व का अभाव भाजपा के लिए संगठनात्मक विस्तार और नेतृत्व में जगह बनाने का अवसर पैदा करता है। मोदी की लोकप्रियता और केंद्रीय योजनाओं का सीधा लाभ राजग को मिल सकता है।

**खतरे** : भाजपा के भीतर अन्य दलों से आए नेताओं को लेकर असंतोष बढ़ रहा है, जिसे पार्टी के लिए प्रदूषणकारी प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, हाई कमांड संस्कृति, जो पहले कांग्रेस से जोड़ी जाती थी, अब भाजपा में भी महसूस की जा रही है। इसके अलावा, "हिंदुत्व" विचारधारा पर अत्यधिक निर्भरता मुस्लिम मतदाताओं, विशेष रूप से पासमांदा समुदाय को दूर कर सकती है जिन्हें नीतीश कुमार के सामाजिक संतुलन की राजनीति ने अब तक जोड़े रखा था।

### 'जंगलराज' से निकाला



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राजग सरकार ने बिहार को 'जंगल राज' से बाहर निकाला और इसे विकास एवं सुशासन की नयी दिशा दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य के लोग चुनाव में फिर विकास की राजनीति को चुनेंगे। शाह की टिप्पणी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के ठीक बाद आई है।

### राजग की जीत



बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग की जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि यह चुनाव राज्य के विकास को जारी रखने, घुसपैठियों से मुक्ति दिलाने और "जंगल राज" की वापसी को रोकने के लिए है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया।

### बेरोजगारी, पलायन और विशेष राज्य का दर्जा बन सकते हैं चुनावी मुद्दे

पटना(भाषा)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा के साथ ही राज्य का चुनावी माहौल गर्माने लगा है। बढ़ती बेरोजगारी, विशेष राज्य के दर्जे की मांग, जातीय आरक्षण और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे मुद्दे इस बार चुनाव प्रचार के दौरान छाए रह सकते हैं। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन अगले महीने होने वाले इस चुनाव में आमने-सामने होंगे। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राज्य में दो चरणों में मतदान की घोषणा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजग का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्हें अब भी राज्य की राजनीति में एक दमदार चेहरा माना जाता है। गठबंधन में भाजपा के अलावा जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा जैसे सहयोगी दल शामिल हैं। वहीं, विपक्षी महागठबंधन का नेतृत्व राष्ट्रीय जनता दल (राजद)- कांग्रेस कर रहे हैं, जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)-माले-लिबरेशन सहित कई अन्य सहयोगी दल शामिल हैं।

बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने गए थे

# भाजपा सांसद और विधायक पर हमला, दोनों अस्पताल में भर्ती

### पुलिस की मौजूदगी में हमला हुआः अधिकारी

एजेंसी ▶▶ जलपाईगुड़ी (कोलकाता)

पश्चिम बंगाल के बाढ़ प्रभावित नागराकाटा इलाके में राहत सामग्री बांट रहे भाजपा के मालदा से सांसद खगेन मुर्मू और विधायक डॉक्टर शंकर घोर पर कथित तौर पर सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। इसमें सांसद खगेन मुर्मू को ज्यादा चोट आई है। दोनों नेताओं को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनके काफिले पर अज्ञात लोगों ने हमला किया। इनके वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। किसी तरह दोनों नेता घटना स्थल से अपनी जान बचाकर निकले। अमित मालवीय ने वीडियो में लिखा, मुर्मू को खून से लथपथ देखा जा सकता है। हमले से पहले 500 से ज्यादा लोगों ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए।



बंगाल में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने भी ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने एक्स पर कहा कि ममता बनर्जी पूरी तरह से दहशत में हैं। अब उन्होंने पैनिक बटन दबा दिया है और खास समुदाय से जुड़े अपने गुंडों को उकसाकर भाजपा सांसदों और विधायकों पर हमला करवा रही हैं। भाजपा सांसद पर उस समय क्रूर हमला किया गया, जब वे बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे थे।

### भाजपा नेताओं पर हमले के बाद ममता ने शांति की अपील की



कोलकाता (भाषा) उत्तर बंगाल के बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे के दौरान उग्र भीड़ के कथित हमले में मालदा उत्तर से भाजपा के सांसद खगेन मुर्मू और सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष के घायल होने के कुछ घंटे बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों से संयम और एकता की अपील की तथा उनसे मौजूदा संकट के बीच "किसी भी अप्रिय घटना" में शामिल न होने का आग्रह किया। सोमवार दोपहर उत्तर बंगाल पहुंचीं बनर्जी ने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश पोस्ट किया।

### कटक हिंसा के सिलसिले में आठ गिरफ्तार भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बंद जारी

**कटक (भाषा)।** ओडिशा के कटक शहर में हिंसा के सिलसिले में सोमवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। कटक में निषेधाज्ञा लागू है और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 12 घंटे का बंद जारी है। पुलिस आयुक्त एस. देव दत्त सिंह ने पत्रकारों से कहा कि रविवार को विहिप कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस पर किए गए हमले के सिलसिले में तीन मामले दर्ज किए गए हैं और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभी स्थिति नियंत्रण में है।

### बीजद ने पुलिस भर्ती परीक्षा 'घोटाले' को लेकर भुवनेश्वर में विरोध प्रदर्शन किया

**भुवनेश्वर(भाषा)।** बीजू जनता दल (बीजद) ने सोमवार को भुवनेश्वर में पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) की भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और इसकी सीबीआई से जांच कराने की मांग की। प्रदेश की बरहामपुर पुलिस द्वारा 30 सितंबर को ओडिशा-आंध्र प्रदेश सीमा से 114 उम्मीदवारों सहित कई लोगों को गिरफ्तार करने के बाद ओडिशा पुलिस भर्ती बोर्ड ने एसआई की भर्ती को लिखित परीक्षा स्थगित कर दी थी।

### आप ने जारी की 11 उम्मीदवारों की पहली सूची



**पटना(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने पहली सूची जारी कर दी है। 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। बेगूसराय से डॉक्टर मीरा सिंह को उम्मीदवार बनाया है। कुशेश्वर से योगी चौपाल को उम्मीदवार बनाया है। तरैया से अमित कुमार सिंह, कस्बा से भानु भारतीय, बेनीपट्टी से सुभद्रा यादव, फुलवारी से अरुण कुमार रजक, बांकीपुर से पंकज कुमार, किशनगंज से अशरफ आलम, परिहार से अखिलेश नारायण ठाकुर, गोविंदगंज से अशोक कुमार सिंह और बक्सर से पूर्व कैप्टन धर्मराज सिंह को पार्टी ने टिकट दिया है।

### विस चुनाव लड़ेंगी लोक गायिका मैथिली

### भाजपा नेता विनोद तावड़े से की मुलाकात

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बिहार को लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर को लेकर चर्चा है कि वे 2025 का विस चुनाव लड़ सकती हैं। यह चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि उन्होंने भाजपा के नेताओं से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान उनके पिता भी साथ में थे। विनोद तावड़े और नित्यानंद राय के साथ जब से उनकी तस्वीर सामने आई है, चुनाव लड़ने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। तावड़े ने बीते रविवार को अपने एक्स हैंडल से तस्वीरें शेयर कर लिखा कि वर्ष 1995 में बिहार में लालू राज आने पर जो परिवार बिहार छोड़कर चले गए, उस परिवार की बिटिया गायिका मैथिली ठाकुर बदलते बिहार की रफ्तार को देखकर फिर से बिहार आना चाहती हैं।



### रास सभापति के सामने सदन चलाने की चुनौती सर्वदलीय बैठक आज

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी दलों के नेताओं की एक अहम बैठक करेंगे। यह बैठक शाम 4 बजे संसद भवन में होगी और इसे सदन के सुचारू संचालन और व्यवस्थित कार्यवाही सुनिश्चित करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। यह बैठक इसलिए भी खास है क्योंकि सभापति पद संभालने के बाद राधाकृष्णन की यह दलों के नेताओं के साथ पहली औपचारिक बैठक होगी। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से नड्डा, सदन के नेता, किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आदि मौजूद रहेंगे।

### मानहानि : राहुल के खिलाफ सुनवाई टली

**सुलतानपुर (भाषा)।** नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर की एक विशेष अदालत में जारी मानहानि मामले में सोमवार क गवाह के न आने के बाद सुनवाई 17 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी गयी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि सांसद-विधायक अदालत में सोमवार को दूसरे गवाह राम चन्द्र दूबे की गवाही होनी थी लेकिन उसके न आने से सुनवाई टल गई।



### बिहार में निष्पक्ष चुनाव की गारंटी

# सीआरपीएफ की 71 कंपनियां पहुंचीं, 50,000 जवान तैनात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बिहार में विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। इस बार के विधानसभा चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की फिलहाल 500 कंपनियों को तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों की अधिकांश कंपनियां, रविवार को बिहार में पहुंच चुकी हैं। इन्हें लोकल प्रशासन के साथ तैनात किया जाएगा। निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने के लिए केंद्रीय बलों के जो 50,000 जवान बिहार पहुंचे हैं, उनमें सीआरपीएफ की वे 71 कंपनियां भी शामिल हैं, जिन्हें विशेष तौर पर जम्मू-कश्मीर से बुलाया गया है। चुनावी ड्यूटी पर मोर्चा संभालने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी भी शामिल हैं।

### केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी

केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बिहार में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न कराने के लिए सीआरपीएफ की 118 कंपनियों को तैनात किया गया है। इनमें से 71 कंपनियां, जम्मू-कश्मीर से बुलाई गई हैं। चुनाव में किसी तरह की कोई हिंसा न हो, इसके लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा चुनाव के संवेदनशील बूथों पर कोई अप्रिय घटना न हो और बिना किसी भय के लोग चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में बिहार के लिए रवाना किया है।



## चिंतन

# लोकतंत्र के स्तंभ न्याय पालिका की गरिमा पर आंच न आने पाए

अदालतें न्याय का मंदिर हैं, इस कथन का अर्थ यह है कि न्यायपालिका को सर्वोच्च और आदरणीय माना जाता है। जहां आम नागरिक न्याय की उम्मीद से जाते हैं। जहां हर फरयादी की पुकार सुनी जाती है। अदालतें आम नागरिकों के लिए न्याय का अंतिम ठिकाना भी हैं। यही कारण है कि न्याय पालिका को लोकतंत्र का स्तंभ कहा गया है। आजादी के बाद से अनेक ऐसे मौके आए, जब हमारी अदालतों ने न केवल कार्य पालिका को सही रास्ता दिखाया बल्कि आम आदमी के मन में लोकतंत्र के प्रति विश्वास को मजबूत किया। ऐसे में किसी भी अदालत का अपमान करना न केवल मंदिर का अपमान है बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों को भी कमजोर करने जैसा है। अगर कोई अधिवक्ता ही ऐसा करे तो इस दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। सोमवार को एक वकील ने देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों में से एक वकील ने सीजेआई की तरफ जूता फेंका। हालांकि जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया, सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों से कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता। आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर कुमार है। वो खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पर दिए गए फैसले से नाराज था। किसी भी नाराजगी का मतलब यह तो नहीं हो जाता कि न्याय पालिका का ही अपमान कर दिया जाए। न्यायालय की प्रतिष्ठा इस देश के लोगों के विश्वास पर आधारित है। यदि उस विश्वास को कभी कम किया जाता है, तो इस न्यायालय की प्रतिष्ठा को अनिवार्य रूप से ठेस पहुंचेगी। यहां तो बात सीधे-सीधे न्याय की कुर्सी पर बैठे न्यायाधीश के अपमान की हो रही है। यह बात सही है कि बीते लंबे समय से अदालतों के दरवाजे कुछ संकरे हुए हैं। अदालतों पर केसों का बोझ लगातार बढ़ा है। देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या 5.34 करोड़ से भी ज्यादा है। यह चिंता का विषय है। इन मामलों में एक बड़ा हिस्सा जिला और निचली अदालतों में है। जिला और निचली अदालतों में 4.7 करोड़ मामले लंबित हैं। हाई कोर्ट में भी 63.8 लाख मामले अटके हुए हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत, सुप्रीम कोर्ट में 88,251 मामले लंबित हैं। इसका कारण न्यायिक और तकनीकी विशेषज्ञों की कमी, न्यायाधीशों पर अत्यधिक काम का दबाव, स्थगन आदेशों के दुरुपयोग तो हैं ही, साथ में सुनवाई के दौरान वकीलों का उपलब्ध न होना भी जिम्मेदार है। 62 लाख से ज्यादा मामलों में वकील मौजूद नहीं हो पा रहे। इससे सुनवाई आगे नहीं बढ़ पा रही। लगभग 27 लाख मामलों में गवाह गायब हैं। 23 लाख से ज्यादा मामलों पर अदालतों ने रोक लगा रखी है। 14 लाख से ज्यादा मामलों में 'दस्तावेजों का इंतजार' होता है। जरूरी कागजात न मिलने से भी देरी होती है और लगभग 8 लाख मामलों में 'पार्टियों का दिलचस्पी न लेना' शामिल है। जब पक्षकार ही रुचि नहीं दिखाते तो मामला कैसे सुलझेगा? यहां बात लंबित केसों की नहीं है बल्कि अदालत के सम्मान की है। अगर वकील ही अदालत की गरिमा का सम्मान नहीं करेंगे तो आम आदमी से कैसे उम्मीद की जा सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बार एसोसिएशन और कानून आरोपी वकील के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे ताकि दोबारा ऐसा घटना न हो।

## शताब्दी गाथा

डॉ. सुशील टाया



# व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण संघ का मूल उद्देश्य

आज हम सब गर्व और आनंद का अनुभव कर रहे हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी शताब्दी यात्रा पूरी कर ली है। इन सौ वर्षों में संघ ने केवल संगठन ही नहीं खड़ा किया, बल्कि समाज में अनुशासन, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की ज्योति भी प्रज्वलित की है। संघ का मूल उद्देश्य रहा है व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा, आत्मविश्वास, समरसता और संगठन की भावना जागृत की हैं। समाज के हर वर्ग में समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव स्थापित करना के साथ - साथ शिक्षा, ग्राम विकास, स्वदेशी, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सेवा कार्यों के क्षेत्र में संघ ने निरंतर योगदान दिया है। आपदा और संकट की घड़ी में स्वयंसेवक बिना भेदभाव समाज की सेवा में अग्रणी रहे।संघ ने जहां भारतीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित किया और वहीं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु 'स्वदेशी व स्वावलंबन' का संदेश भी दिया। 'हिंदू ही नहीं, संपूर्ण समाज मेरा अपना है' की भावना से समाज में बंधुत्व और आपसी सद्भाव की भावना बढ़ाई है। सौ वर्ष पूरे कर संघ नए उत्साह के साथ एकात्म मानववाद और अखण्ड भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। संघ ने अपने स्वयंसेवक के परिश्रम के बल पर विश्व भर में सबसे बड़ा संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है।

राष्ट्रनिष्ठा, संगठनशीलता, आत्मानुशासन, सेवा, समर्पण, त्याग, कर्तव्यपरायणता, स्वावलंबन, निष्ठा, सहयोग, लोककल्याण, चरित्र निर्माण, अनुशासन, परमार्थ, साधना, एकात्मता, स्वदेशभक्ति, संयम, परिश्रम, समरसता संघ के गुर मंत्र हैं, जिनके आधार पर समाज कल्याण के कार्य में बिना रुके, बिना थके स्वयंसेवक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के सपनों को साकार करने में लगे हैं। सबको जोड़ने वाले, सबको साथ लेकर चलने वाले, सबकी एक साथ उन्नति करने का मार्ग सर संघचालक मोहन भागवत ने विजयदशमी पर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संघ के कार्यों की खुले मन से प्रशंसा करना और शताब्दी वर्ष में डाक टिकट व सिक्का जारी करना इस बात का संकेत है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश की आज़ादी के आंदोलन से लेकर आज़ तक राष्ट्र को सर्वोपरि माना है। सामाजिक, आर्थिक व प्राकृतिक आपदा सहित अन्य विकट परिस्थितियों में स्वयंसेवकों ने हमेशा तन,धन और मन से भारत माता के लिए कार्य किया है। राष्ट्र के लिए चिंतन व मनन करते हुए संघ ने पंच परिवर्तन का निर्णय लिया है। इसलिए व्यवस्था परिवर्तन के लिए समाज का प्रबोधन तथा उसके आचरण का परिवर्तन यह व्यवस्था परिवर्तन के लिए अत्यंत आवश्यक माना है। यह परिवर्तन एक दम से नहीं हो सकता, इसलिए आचरण में परिवर्तन करने के लिए शाखा में प्रतिदिन जाने पर बल दिया गया है। स्वयंसेवकों को समाज के लिए उदाहरण बनना पड़ेगा। शताब्दी वर्ष में संघ ने प्रत्येक व्यक्ति के आचरण में परिवर्तन लाने का निर्णय लिया ताकि समाज का मन, वचन व कर्म से ऐसा व्यवहार हो जाए कि वह अपने नैतिक कर्तव्यों, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर स्व का बोध और स्वदेशी चीज़ों का प्रयोग करना आरंभ कर दें। पंच परिवर्तनों में कुटुम्ब प्रबोधन में हर घर को संस्कारों का केंद्र बनाना। प्रत्येक सदस्य में कर्तव्य, नैतिकता और सेवा भाव की ज्वाला जलाना। संवाद और सहयोग से घर सशक्त बनता है। बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपरा का बोध कराया जाए। आदर्श आचरण और मर्यादा घर-घर में झलके। मातृभूमि और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव परिवार में गहरा हो। सेवा और सहकारिता की भावना हर कार्य में दिखाई दे।

छोटे प्रयासों से परिवार आत्मनिर्भर और संस्कारित बने। ऐसे परिवार ही सशक्त समाज और महान राष्ट्र का आधार हैं। संघ ने यह सिद्ध किया है कि छोटे-छोटे परंतु सतत प्रयास भी राष्ट्र की शक्ति, एकता और गौरव को असाधारण ऊँचाई दे सकते हैं। संघ का दृष्टिकोण केवल विचार का नहीं, बल्कि व्यवहार का भी है, वह व्यक्ति में स्व का बोध जगाकर समाज को संगठित करता है और राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करता है। यही पंच परिवर्तन का सार है, व्यक्ति से राष्ट्र तक, विचार से क्रिया तक, और स्वयं जागृति से समाज सेवा तक का सतत प्रवाह। सौ वर्षों की इस साधना ने यह प्रमाणित किया है कि संकल्प, साधना, अनुशासन और सेवा से ही राष्ट्रीय जीवन समृद्ध और उन्नत बनता है। संघ का यह कार्यकाल भारतीय संस्कृति, एकता और राष्ट्रभाव का जीवंत प्रतीक बन गया है, जो आने वाले शताब्दियों तक भारत को दिशा और प्रेरणा देता रहेगा।

( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



लापरवाही

रोहित माहेश्वरी

# जीवनरक्षक दवा बनी मौत का कारण

**कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है।**

मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला अब पूरे देश में चिंता का विषय है। दोनों राज्यों में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप से 18 बच्चों की मौत का आरोप है। इनमें से 16 मौतें मध्यप्रदेश और दो राजस्थान में हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'कोल्ड्रिफ' को जिम्मेदार बताते हुए इसे बनाने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के पीड़ित परिजनों के अनुसार बच्चों को खांसी की शिकायत थी। कफ सिरप पिलाया गया और अन्य दवाएं भी दी गई। सिरप पीने के बाद ही बच्चों को पेशाब रुकने जैसी दिक्कतें होने लगी। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि बच्चों की किडनी फेल हो चुकी थी। बच्चो को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में 11 मासूमों की जान चली गई। एक बच्ची की मौत के बाद नागपुर जिला प्रशासन से खबर मिली की किडनी फेल होने से जान जा रही है।

जांच टीम ने तीन बच्चों की बायोप्सी की, जिसकी रिपोर्ट में किडनी नेफ्रॉन में डैमेज दिखा। आखिर कफ सिरप में जहरीले केमिकल कैसे पहुंचते हैं, यह यक्ष प्रश्न है, जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिए दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित 'श्रीसन फार्मास्युटिकल्स' की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए 'कोल्ड्रिफ' सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल यानी डीईजी पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्रा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। राजस्थान के भरतपुर और सीकर जिलों में जिन दो बच्चों की मौत हुई, जांच में सामने आया कि उन्हें घर पर ही कफ सिरप दिया गया था, बिना किसी डॉक्टर की सलाह के। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मृतकों के परिवारों को दवा दुकानदारों से यह सिरप मिला था। यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। सकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित





है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिए पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जन स्वास्थ्य के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार स्थिति है। यह मामला दवा निर्माण प्रक्रिया में निगरानी और परीक्षण प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करता है। देश में हर दवा बैच की जांच का नियम तो है, लेकिन कई छोटी और मध्यम फार्मा इकाइयां इसे नजरअंदाज करती है। जो सिरप तमिलनाडु की यूनिट से निकला, उसमें डीईजी का ऊंचा स्तर संकेत है कि या तो कच्चे माल की जांच नहीं हुई, या फैक्ट्री में मिलावट को नजरअंदाज किया गया। पिछले साल देशभर में 100 से ज्यादा सिरप गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिले थे। सिरप में ग्लिसरीन मिलाई जाती है, जिससे दवा गाढ़ी और मीठी बनती है। ग्लिसरीन वैसे तो सुरक्षित होती है, लेकिन जब ग्लिसरीन की जगह या गलती से या सस्ते विकल्प के रूप में डाई एथिलीन ग्लाइकॉल डीईजी या एथिलीन ग्लाइकॉल यानी ईजी जैसे केमिकल उसमें मिल जाते हैं तो समस्या होती है। ये केमिकल असल में औद्योगिक उपयोग के लिए बने होते हैं जैसे ब्रेक ऑयल, पेंट, और इंजन कूलेट। कई बार फैक्ट्रियों में टैंक, पाइपलाइन ठीक से साफ नहीं किए जाते। इससे 4 पुराने औद्योगिक रसायनों के अंश ग्लिसरीन में मिल जाते हैं। कभी-कभी सप्लायर सस्ती नकली ग्लिसरीन देते हैं। जब यही दूषित ग्लिसरीन सिरप में प्रयोग होती है, तो कफ सिरप जहरीला बन जाता है। बीते महीने में यूपी में आगरा से नकली दवाइयों की बड़ी खेप बरामद हुई थी। आगरा में नकली दवाओं के कारोबारियों के कनेक्शन देशभर में फैले हुए थे। हालिया मौतों के बाद बड़ा सवाल यही है कि डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, पुरानी घटनाओं के बाद भी देश में ऐसे मामले दोबारा कैसे आए, क्या फैक्ट्रियों में जांच कागजों तक सीमित है, क्या ड्रग कंट्रोल विभाग सही निरीक्षण कर रहे है? जवाब जांच रिपोर्ट में मिल सकता है, लेकिन फिलहाल देश के लोगों में चिंता है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दर्शाया जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि विगत में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। भारत की फार्मा कंपनियों के द्वारा तैयार सिरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत का लिंक पाए जाने के बाद भारतीय दवाओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। निस्संदेह, ऐसे गैर-जिम्मेदार तरीके से तैयार दवाइयों के चलते भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हासिल प्रतिष्ठा को ही नुकसान पहुंचा है।

हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है.. जरूरी है इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं। लेकिन प्रवर्तन के स्तर पर अभी भी तमाम खामियां बरकरार हैं। विडंबना यह है कि राज्य नियामकों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिए यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी, जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित

## दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

# जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकारें



संकलित

## प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता व गुणवत्ता में सुधार हो

राजस्थान और मध्यप्रदेश में कफ सिरफ की दवा के सेवन के बाद बच्चो की हुई मौते से सनसनी फैल गई है।मासूम बच्चो की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई। चिकित्सक भगवान का रूप माना गया है। आज भी देश में डॉक्टर को नेक्सट टू गॉड की उपमा दी जाती है। देश में हजारो किस्म की दवाइयां निर्मित हो रही है। विदेशो से भी दवाईया आयात की जा रही है। आज वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में दवा संजीवनी का काम करती है। देश के दवा कम्पनियों की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए समय समय पर जांच होनी चाहिए। दवा की गुणवत्ता, दवा की मिलावट, दवा आपूर्ति में लापरवाही और विपणन प्रथाओं के लिए नियम सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मरीज को पूरा भरोसा अपने डॉक्टर पर होता है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### टीएमसी का जंगलराज



बंगाल में एक बार फिर उजागर हुआ टीएमसी का जंगलराज ! बाढ़ राहत कार्य में जुटे भाजपा सांसद व आदिवासी नेता खगेन मुर्मू पर टीएमसी गुंडों द्वारा जानलेवा हमला अतिनिंदनीय है। आज बंगाल का शासन निष्ठुर हो गया है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री


### मियाजी ताकुमा से चर्चा



जापान के विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से चर्चा हुई। हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार किया गया। मैंने अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में भागीदार देश बनने का आमंत्रण दिया।

- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### पैरा एथलीटों को बधाई



नई दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे पैरा एथलीटों को हार्दिक बधाई, जिन्होंने पदक जीतकर देश का मनोबल बढ़ाया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आपका धैर्य, समर्पण और उत्कृष्टता हर भारतीय के लिए प्रेरणा है।

- भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात

### हमले का प्रयास शर्मनाक



आज उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हमले का प्रयास शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

## करंट अफेयर

# अमेरिकी सील ने लादेन के सिर में गोली मारी थी: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर धावा बोलने और उसके सिर में गोली मारने वाले अमेरिकी नेवी सील के जवान थे। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि 2001 में अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स पर हमले से एक साल पहले ही उन्होंने लादेन के बारे में चेतावनी दी थी। अमेरिकी नौसेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष समारोह के दौरान रविवार को वर्जीनिया के नॉरफोक में ट्रंप ने कहा, 'इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि वो नेवी सील के जवान थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन के परिसर में घुसकर उसके सिर में गोली मारी थी। याद रखिएगा।' ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 9/11 हमले से एक साल पहले ही अधिकारियों से लादेन पर नजर रखने को कहा था। उन्होंने कहा, 'कृपया याद रखें, मैंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले से ठीक एक साल पहले ओसामा बिन लादेन के बारे में लिखा था। मैंने कहा था, 'आपको ओसामा बिन लादेन पर नज़र रखनी होगी।' मैंने एक साल पहले कहा था कि मैंने ओसामा नाम के एक व्यक्ति को देखा है और मुझे वह पसंद नहीं आया। मैंने कहा था कि उस पर नजर रखनी होगी।'



## ऑफ बीट

# क्या बच्चों को विटामिन वाले पूरक आहार देने की जरूरत है

यह सत्य है कि बच्चों को स्वस्थ विकास के लिए विटामिन ए, बी, सी, डी, ई और के के साथ-साथ फोलिक एसिड, कैल्शियम, आयोडीन, आयरन और जिंक जैसे विटामिन और खनिजों की एक विस्तृत शृंखला की आवश्यकता होती है। ये पोषक तत्व मस्तिष्क और तंत्रिका तंतुओं के विकास, दृष्टि, हड्डियों की मजबूती, प्रतिरक्षा प्रणाली, मेटाबोलिज्म यानी चयापचय और स्वस्थ वजन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, अधिकतर स्वस्थ बच्चों के लिए, ये पोषक तत्व खाद्य पदार्थों से मिल सकते हैं – न कि सप्लीमेंट्स से। यह भी सही है कि चुनिंदा तरीके से खाने की आदतों वाले बच्चे भी सामान्यतः रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों से पर्याप्त पोषण प्राप्त कर लेते हैं, जिनमें से कई में पोषक तत्वों को अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाता है। सामान्य खाद्य पदार्थ जैसे नाश्ते के अनाज, दूध और रोटी में अक्सर विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम और आयोडीन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। सप्लीमेंट्स के बारे में विज्ञान क्या कहता है। हालांकि कई बच्चों के सप्लीमेंट्स प्रतिरक्षा, वृद्धि या समग्र विकास का दावा करते हैं, लेकिन इस बात का कोई मजबूत वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ये स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करते हैं या स्वस्थ बच्चों में बीमारियों को रोकते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### न्यूयॉर्क स्क्वाश में जीते सेंथिलकुमार, चोटरानी

**न्यूयॉर्क।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। टूर स्तर पर इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था। आठवें वरीय रमित टंडन को पहले दौर में बाई मिली।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा को फटकार



**कोलंबो।** पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया। आईसीसी ने कहा, 'सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह उल्लंघन 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या खेल के दौरान इस्तेमाल होने वाली किसी चीज' के 'अनादर' से संबंधित है।'

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत का बेहतरीन प्रदर्शन, 22 पदक, 30 से ज्यादा पर्सनल बेस्ट, तालिका में 10वां स्थान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप रविवार 5 अक्टूबर को संपन्न हो गया। मेजबान भारत ने इसमें कुल 22 मेडल अपने नाम किए, जिसके दम पर वो मेडल तालिका में 10वें स्थान पर रहा। आखिरी दिन चार पदक जीतने के बावजूद तालिका में स्थान के लिहाज से ये उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं रहा। भारत का तालिका के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले सीजन में कोबे में रहा था। वह कुल 7 पदकों के साथ छठे स्थान पर रहा था।

### भारत रहा दसवें स्थान पर

वहीं आखिरी दिन से पहले कोलंबिया,ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, इटली, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड के साथ भारत संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहा था, जिनके पास 6-6 गोल्ड मेडल थे। हालांकि, टॉप पांच में जगह बनाने की होड़ में ईरान ने तीन गोल्ड जीते और तीसरे स्थान पर रहा। नीदरलैंड और पोलैंड ने क्रमशः दो और तीन गोल्ड जीतकर टॉप पांच में जगह बनाई। जबकि कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन और इटली ने एक-एक गोल्ड मेडल जीतकर भारत को दसवें स्थान पर धकेल दिया।



### भारत ने तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए

*वहीं भारत ने इस प्रतियोगिता में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ 64 वर्ग में 71.37 मीटर भाला फेंककर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पहले गोल्ड मेडल विजेता शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी42 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकार एक नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बने रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 66.37 मीटर की दूरी तय करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। भारतीय पैरा एथलीटों ने इस आयोजन में 30 व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किए।*



### गोल्ड मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन गोल्ड | - महिला 100मीटर टी12 |
| शैलेश कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी63 |
| रिंकू हुड्डा | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |
| सुमित अंतिल | - फुरुष भाला फेंक एफ64 |
| संदीप सर्गर | - पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| निषाद कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी47 |

### सिल्वर मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन शर्मा | - महिला 200 मीटर टी12 |
| प्रीति पाल | - महिला 200 मीटर टी35 |
| एकता भयान | - महिला क्लब थ्रो एफ51 |
| दीप्ति जीवनजी | - महिला 400 मीटर टी20 |
| नवदीप सिंह | - पुरुष भाला फेंक एफ41 |
| धरमबीर नैन | - पुरुष क्लब थ्रो एफ51 |
| संदीप | -पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| योगेश कथुनिया | - पुरुष डिस्कस थ्रो एफ56 |
| सुंदर सिंह गुर्जर | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |

### ब्रॉन्ज मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| संदीप | पुरुष 200 मीटर टी44 |
| सोमन राणा | पुरुष गोला फेंक एफ57 |
| प्रवीण कुमार | पुरुष ऊंची कूद टी64 |
| प्रीति पाल | महिला 200 मीटर टी35 |
| प्रदीप कुमार | पुरुष चक्का फेंक एफ44 |
| अतुल कौशिक | पुरुष चक्का फेंक एफ57 |
| वरुण सिंह भाटी | पुरुष ऊंची कूद टी63 |

## पैरा बैडमिंटन

# अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में प्रमोद ने जीते तीन गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा।

सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता, जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला, जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता।

### सरदार पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर से पदयात्रा

***नई दिल्ली।*** *युवा मामले एवं खेल मंत्रालय 31 अक्टूबर को देश के सभी जिलों में पदयात्राओं के साथ भारत के पहले गृह मंत्री और दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने ध्यानचंद स्टेडियम में 'सरदार@150' एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा, 'सरदार@150 केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है। जिस तरह सरदार पटेल ने एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए 560 से अधिक रियासतों को एकजुट किया उसी तरह यह पहल युवा भारतीयों की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में ले जाने का प्रयास करती है।'*

## टेनिस प्रीमियर लीग में बोपन्ना डार्डेरी-मौटेट पेश करेंगे चुनौती



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी 9 दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे, जिसकी नीलामी 9 अक्टूबर को मुंबई में होगी। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन बोपन्ना ने पिछले साल टीपीएल में पदार्पण किया था। वह एसजी पाइपर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली के डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि मौटेट गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## अफ्रीका ने महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड को हराया

**इंदौर।** दक्षिण अफ्रीका ने महिला वनडे विश्व कप मैच में सोमवार को यहां न्यूजीलैंड को छह विकेट से शिकस्त देकर अपनी जीत का खाता खोला। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड की पारी को 231 रन पर समेटने के बाद 40.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर आसान जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के लिए ताजमिन ब्रिट्स ने 101 जबकि सुने लुस ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 170 गेंद में 159 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। न्यूजीलैंड की यह दो मैचों में लगातार दूसरी हार है।

### बांग्लादेश के मुकाबले इंग्लैंड की मजबूत दावेदारी

**गुवाहाटी।** अनुभवी खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है।






### इतिहास में सबसे कम समय तक रहे

# फ्रांस में 27 दिन में प्रधानमंत्री का इस्तीफा, 1 वर्ष में 4 ने पद छोड़ा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस के पीएम सेबेस्टियन लेकोर्नू ने महज 27 दिन में इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 9 सितंबर को प्रधानमंत्री का पद संभाला था, 6 अक्टूबर को उन्होंने इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मैक्रों ने उनके इस्तीफे को स्वीकर कर लिया है। पीएम लेकोर्नू ने रविवार को नए मंत्रीमंडल का ऐलान किया था लेकिन 12 घंटे बाद ही उन्होंने इस्तीफा देकर सभी को हैरान कर दिया। लेकोर्नू 13 महीने में देश के चौथे पीएम थे। पूर्व प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने विश्वास मत न मिलने की वजह से सितंबर में इस्तीफा दिया था। लेकोर्नू सिर्फ 39 साल के हैं और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। वह 2022 में मैक्रों के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद से 5वें प्रधानमंत्री थे और पिछले साल संसद भंग होने के बाद तीसरे।



#### विपक्ष ने मैक्रों से इस्तीफा मांगा

लेकोर्नू के इस्तीफा के कारण फ्रांस की राजनीतिक में गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। संसद में किसी भी पार्टी को बहुमत न होने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। दक्षिणपंथी नेता मरीन ली पेन और अन्य विपक्षी नेताओं ने नए संसदीय चुनाव की मांग की है ताकि स्थिर सरकार बन सकें। ली पेन ने कहा कि मैक्रों का इस्तीफा देना बुद्धिमानी होगी। मैक्रों पहले ही इससे इनकार कर चुके हैं।

## गाजा युद्धः मिस्र में इजराइल और हमास के बीच अहम वार्ता शुरू

काहिरा (एपी)। इजराइल और हमास के अधिकारियों ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका द्वारा तैयार की गई शांति योजना पर सोमवार को मिस्र के एक रिजॉर्ट में अप्रत्यक्ष वार्ता शुरू की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले सप्ताह पेश इस योजना को लेकर कई अनिश्चितताएं बनी हुई हैं, जिनमें चरमपंथी समूह का निरस्त्रीकरण और गाजा में भविष्य में शासन किसका होगा आदि शामिल है। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार दोपहर लाल सागर के किनारे शर्म अल-शेख रिजॉर्ट में वार्ता शुरू हुई। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी। इज़राइली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शीर्ष वार्ताकार रॉन डर्मर कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का रुख सख्त

# कफ सिरप से मौत पर राजस्थान मप्र और यूपी सरकार को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सोमवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी कर नकली कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में जांच करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही नकली दवाओं की बिक्री पर तुरंत बैन लगाने का निर्देश भी दिया। एनएचआरसी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय समेत ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन और डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज से नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी राज्यों की लैब्स को सैंपल इकट्ठा कर टेस्ट रिपोर्ट भेजने को कहा है। एनएचआरसीने नोटिस में कहा कि मप्र और राजस्थान के कुछ जिलों में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से 12 बच्चों की मौत के मामले में एक्शन लेने की मांग वाली शिकायत मिली है। सभी संबंधित विभाग जल्द कार्रवाई कर जवाब दें।

#### राज्यों से सैंपल रिपोर्ट मांगी

इससे पहले एनएचआरसी की प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली बेंच ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत मामले में एक्शन लिया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विशेष जांच समिति बनाने की मांग की है। साथ ही दवा के प्रोडक्शन-डिस्ट्रीब्यूशन, राज्य-केंद्र के अधिकारियों की भूमिका और पीड़ित परिवारों को मुआवजे देने की भी मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने दवा सुरक्षा, नियम और निगरानी में गंभीर चूक बताई है और आरोप लगाया है कि ये बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षित दवाओं के अधिकार का उल्लंघन है।

- एनएचआरसी ने स्वास्थ्य मंत्रालय से जांच करने को कहा, सभी संबंधित विभाग जल्द कार्रवाई कर जवाब दें

# रक्षा विनिर्माण पर आज होगा राष्ट्रीय सम्मेलन, राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (7 अक्टूबर) को राजधानी में देश में रक्षा विनिर्माण के मौके पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। जिसका उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के उद्योग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना और भारत के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि सम्मेलन के दौरान स्वदेशीकरण और रक्षा निर्यात के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए चल रहे राष्ट्रीय प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन रक्षा उत्पादन विभाग करेगा। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ क्षेत्रीय औद्योगिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्रालय व राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच समन्वय को सशक्त बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

#### 9 से 10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ की चुनौती, खालिस्तानियों की आक्रामकता से लेकर दुनिया के कुछ भागों में जारी संघर्षों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सप्ताह 9 से 10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका सबसे प्रमुख आकर्षक बिंदु दोनों देशों के बीच तीन रक्षा समझौतों पर किया जाने वाला हस्ताक्षर समारोह होगा। पहला समझौता सूचना साझा करने, दूसरा समुद्री क्षेत्र और तीसरा व अंतिम समझौता संयुक्त गतिविधियों के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और अधिक बढ़ावा देने से जुड़ा हुआ है।

### अमेरिका को बड़ा झटका, भारत आ रही 140 साल पुरानी दवा कंपनी

# 8800 करोड़ का पूंजी निवेश करेगी जल्द ही कई पदों पर की जाएगी भर्ती

*भारत हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र*

*एलि लिली द्वारा किया गया यह निवेश भारत के हेल्थकेयर सेक्टर को ग्लोबल लेवल पर नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। ट्रंप की नीतियों के बीच अमेरिकी कंपनियों का भारत में बढ़ता निवेश साफ इशारा देता है कि दुनिया की नजर अब भारत को 'फार्मा हब' के रूप में देख रही है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फार्मा सेक्टर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के 100 फीसदी 'टैरिफ बम' का असर दिखने लगा है। अमेरिकी कंपनियां देश छोड़कर विदेशों का रुख करने लगी हैं।



जिसका सीधा फायदा भारत को हो सकता है। दरअसल, अमेरिका की बड़ी दवा कंपनियों में शुमार एलि लिली ने सोमवार को ऐलान किया कि वह भारत में 1 बिलियन डॉलर (करीब 8800 करोड़ रुपए) का निवेश करने जा रही है। यह निवेश आने वाले कुछ सालों में नई उत्पादन इकाई और गुणवत्ता सुविधाओं के लिए किया जाएगा।

कंपनी का यह कदम ऐसे समय आया है, जब ट्रंप फार्मा सेक्टर पर टैरिफ बम गिराने की तैयारी में हैं। ऐसे में एलि लिली का भारत रुख, 'मेक इन इंडिया' अभियान को बड़ा बूस्टर देने वाला साबित हो सकता है।

कंपनी ने बताया कि वह तुरंत इंजीनियर, केमिस्ट, एनालिटिकल साइंटिस्ट, क्वालिटी कंट्रोल और मैनेजमेंट जैसे पदों पर भर्ती शुरू करेगी। एलि लिली इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट पैट्रिक जॉनसन ने कहा कि यह निवेश भारत को हमारे ग्लोबल नेटवर्क का अहम हिस्सा बनाएगा। हमें विश्वास है कि भारत हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र बनेगा।

- **भारतीय हेल्थकेयर सेक्टर को मिलेगी वैश्विक पहचान**
- **'मेक इन इंडिया' अभियान को मिलेगा बढ़ावा**




#### हैदराबाद में लगाएगी उत्पादन इकाई

*कंपनी ने बताया कि वह हैदराबाद में नई उत्पादक इकाई और गुणवत्ता सुविधा स्थापित करेगी। यह हब पूरे भारत में एलि लिली के कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क की निगरानी करेगा और उन्नत तकनीकी सुविधाएं प्रदान करेगा। एलि लिली ने कहा कि भारत में निवेश करने का फैसला देश की कुशल टैलेंट, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार की बिजनेस फ्रेंडली नीतियों पर भरोसे को दिखाता है। कंपनी भारत को अपने वैश्विक हेल्थकेयर नेटवर्क का बड़ा केंद्र बनाना चाहती है।*

#### भारत 'फार्मा हब' के रूप में उभर रहा

एलि लिली के मुताबिक, यह निवेश कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करेगा और दुनियाभर के मरीजों तक मोटापे, डायबिटीज, अल्जाइमर, कैंसर और ऑटोइम्यून बीमारियों की दवाएं पहुंचाने में मदद करेगा। यह निवेश भारत के हेल्थकेयर सेक्टर को ग्लोबल लेवल पर नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। ट्रंप की नीतियों के बीच अमेरिकी कंपनियों का भारत में बढ़ता निवेश साफ इशारा देता है कि दुनिया की नजर अब भारत को 'फार्मा हब' के रूप में देख रही है।

**47000 कर्मचारी काम करते हैं**

*एलि लिली अमेरिका की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है और इसकी गिनती टॉप-5 बड़ी कंपनियों में होती है। इसका मार्केट कैप 795 बिलियन डॉलर यानी करीब 70 लाख करोड़ से भी ज्यादा है। 140 साल पुरानी कंपनी के 18 देशों में ऑफिस हैं।*

#### भारत की क्षमता पर भरोसा

इंवेस्ट इंडिया की सीईओ की निवृति राय ने कहा कि एलि लिली का निवेश भारत की क्षमता और नीतिगत स्थिरता पर उनके भरोसे को दर्शाता है। यह न केवल हेल्थकेयर को मजबूत करेगा, बल्कि देश में मैन्युफैक्चरिंग को भी गति देगा।



#### हैदराबाद इनोवेशन का पावरहाउस

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि एलि लिली का विस्तार दिखाता है कि हैदराबाद अब ग्लोबल हेल्थकेयर इनोवेशन का पावरहाउस बन चुका है।



### नीति आयोग के सीईओ का बड़ा दावा

# जल्द हो जाएगा भारत और यूएस के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने सोमवार को विश्वास जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना चाहिए और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए अपने बाजारों को खोलना चाहिए। अच्छी बात यह है कि दोनों पक्ष अभी भी एक व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले महीने बातचीत हुई थी, इसलिए मुझे लगता है कि दोनों पक्ष आशान्वित हैं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस तक कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अगर दोनों देश व्यापार समझौते पर सहमत नहीं होते हैं तो आगे समस्या होगी।



#### विनिर्माण में विविधता लाना जरूरी

चीन से निवेश पर प्रतिबंध हटाने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि जहां तक चीन से आयात का प्रश्न है तो बीजिंग भारत के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा कि अगर आप चीन को अधिक उत्पाद नहीं बेच पा रहे हैं, तो यह व्यर्थ है। यदि आप (भारत) प्रतिस्पर्धी हैं, तो वे अधिक उत्पाद खरीदेंगे।

#### पांच दौर की वार्ता हो चुकी

इस समझौते के पहले चरण को 2025 की शरद ऋतु (अक्टूबर-नवंबर) तक पूरा करने की योजना थी। अब तक, पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब डालर से दोगुना से भी अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। अमेरिका 2024-25 में लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहेगा, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डालर (86.5 अरब डालर का निर्यात) रहा। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना करके 100 प्रतिशत कर देने के बाद नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच संबंध गंभीर तनाव में आ गए हैं।




### शिखर सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री गडकरी बोले

# शिक्षा और नवाचार आधारित अनुसंधान से ही विकास संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका प्रशिक्षित, कुशल और प्रतिभाशाली युवा वर्ग है। यदि युवा शक्ति को संसाधनों और अवसरों से जोड़ा जाए तो भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को जल्दी हासिल कर सकता है। शिक्षा और नवाचार आधारित अनुसंधान से ही देश के विकास को गति मिल सकती है।

नितिन गडकरी ने यहां आयोजित 20वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा किसी भी देश के भविष्य की नींव होती है और पीएम नरेंद्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में इसकी अहम भूमिका होगी।

*उच्च शिक्षा किसी भी देश के भविष्य की नींव*




#### देशभर के कलेक्टरों का शुरू हुआ प्रशिक्षण

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भूमि संसाधन विभाग ने 'नक्शा' कार्यक्रम पर दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण-कार्यशाला की शुरुआत की। यह कार्यशाला 6 से 7 अक्टूबर 2025 तक मसूरी स्थित एलबीएसएनएए में आयोजित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य देशभर के जिला कलेक्टरों और जिलाधिकारियों को इस ऐतिहासिक शहरी भूमि संसाधन परियोजना के पायलट कार्यान्वयन के लिए तैयार करना है। 'नक्शा' कार्यक्रम डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत शुरू की गई है। एक वर्ष की पायलट परियोजना है।

#### प्रतिदिन 40 किमी सड़क बन रही

गडकरी ने कहा कि भारत में पहले जहां प्रतिदिन केवल 2 किलोमीटर सड़क बनती थी, अब यह आंकड़ा 40 किलोमीटर प्रतिदिन तक पहुंच गया है। हम देश में बड़े पुल, सुरंगें और मेट्रो प्रोजेक्ट्स बना रहे हैं, लेकिन टनल बोरिंग मशीन और टनल निर्माण की विशेषज्ञता अब भी हमारे पास नहीं है।

#### कौशल और नवाचार को बढ़ावा दें

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास को तकनीकी अनुसंधान और स्किल आधारित शिक्षा से जोड़ना होगा, तभी देश तेजी से आगे बढ़ पाएगा।

### जुबिन गर्ग की मौत का रहस्य गहराया

# सीआईडी के समन पर 8 लोगों से सिर्फ एक ने ही दिया जवाब

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा शर्मा ने सोमवार को बताया कि सिंगापुर में गायक जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ मौजूद आठ लोगों में से सात ने अब तक सीआईडी के समन का जवाब नहीं दिया है।

उन्होंने कहा कि केवल रुपकमल कलिता ने ही जांच दल के बुलावे पर जवाब दिया है। सीएम ने बताया कि रुपकमल कलिता 19 सितंबर को उस यॉट पर मौजूद थे, जहां जुबीन गर्ग की समुद्र में तैरते समय मौत हो गई थी। शर्मा ने कहा कि कलिता मंगलवार को गुवाहाटी पहुंचेंगे और एसआईटी टीम से पूछताछ में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बाकी सात लोगों ने अब तक जांच में शामिल होने की कोई जानकारी नहीं दी है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार उन पर दबाव बनाए रखेगी ताकि वे जल्द से जल्द असम आएं और जांच में सहयोग करें। शर्मा ने कहा कि हम उन्हें प्रेरित करेंगे कि वे सहयोग करें।



एक व्यक्ति आया तो बाकी भी आएंगे. सीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि असम पुलिस को सिंगापुर जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत और सिंगापुर के बीच आपसी कानूनी सहायता संधि के तहत सिंगापुर पुलिस जो भी सबूत जुटाएगी, उसे हमारे साथ साझा किया जाएगा। सिंगापुर को औपचारिक अनुरोध भेजा जा चुका है, लेकिन किसी विदेशी देश में दूसरी देश की पुलिस को जांच की अनुमति नहीं दी जाती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25